निगम भिलाई ने 26278 हितग्राहियो के घर तक पहुंचाया उपयोगी प्रमाण पत्र

भिलाईनगर। विकसित भारत के संकल्प को हर घर तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्व है, इसी क्रम में हमारे संगवारी द्वारा एक कॉल पर शासकीय सेवाए घर तक पहुंचायी जा रही है। इससे बिना परेशानी के सुगमता पूर्वक समय पर दस्तावेज और प्रमाण पत्र उपलब्ध हो जा रहे है। नागरिको की मूलभूत प्रमाण पत्र जो उनके दैनिक उपयोग के लिए बहुत आवश्यक है। घर बैठे बैठे मोर संगवारी सेवा के माध्यम से पहुंच जा रहा है। यह योजना छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों में चल रही है। प्रदेश में भिलाई नगर निगम का तीसरा स्थान है। कोई भी नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार शासन द्वारा जारी किये गये टोल फ्री नम्बर 14545 पर फोन करके अपने घर बैठे बैठे मोर संगवारी सेवा के एजेंट को बुला सकता है, जो आवश्यक दस्तावेज घर से लेकर समय अवधि में घर पर ही प्रमाण पत्र बनवाकर पहुचा देता है। इस सुविधा का उददेश्य है, नागरिको को आफिसो तक न आना पड़े। उनके समय की बचत हो। सभी आवश्यक प्रमाण पत्र उनके घर बैठे बैठे मोर संगवारी सेवा के अंतर्गत मिल जाये। यह सभी वर्ग के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्व हो रहा है। नगर निगम भिलाई द्वारा अभी तक 26278 प्राप्त आवेदन का निराकरण करके नागरिको को लाभ पहुंचाया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से विवाह प्रमाण पत्र के कुल– 1969, मृत्यु प्रमाण पत्र के कुल–309, जन्म प्रमाण पत्र के कुल–376, दुकान एवं स्थापना पंजीयनध्गुमस्ता लाइसेंस के कुल–314, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन के कुल–8648, पेनकार्ड सेवा के कुल–236, आधार मोबाईल नम्बर अपडेट के कुल–10110, मूल निवासी प्रमाण पत्र के कुल–1169, अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के कुल–56, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के कुल–254, आय प्रमाण पत्र के कुल–2428, एपीएल राशन कार्ड के कुल– 151, विवाह सुधार प्रमाण पत्र के कुल–81 प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र के कुल– 177 बनाकर घर तक पहुचाया गया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि प्रत्येक प्रमाण पत्र का शुल्क शासन द्वारा निर्धारित है। मोर संगवारी सेवा का एजेंट निर्धारित शुल्क लेकर हितग्राही को रसीद प्रदान करती है। मोर संगवारी सेवा घर पहुच सुविधा देने के लिए अतिरिक्त 50 रूपये पारिश्रमिक शुल्क लेता है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अपील की है कि घर बैठे बैठे आवश्यकतानुसार प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है। यह शासन की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है, इससे सब को लाभ मिल रहा है। इसके लिए नागरिको को नगर निगम भिलाई आने की आवश्यकता नहीं है। केवल टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल करना होगा। मोर संगवारी सेवा का एजेंट आपके घर तक पहुंच कर सेवा प्रदान कर देगा।